NMDC द्वारा टाइगर रिज़र्व के पास हीरा उत्खनन

चर्चा में क्यों?

भारत की राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (NMDC) पन्ना टाइगर रिज़र्व के निकट एक खदान से 6,500 **कैरेट** हीरे निकालने की योजना बना रही है , जिनकी कीमत **3.4 मिलियन अमेरिकी डॉलर** है।

प्रमुख बिंदु

- **खनन कार्यों में विलंब:**
  - NMDC को **पर्यावरणीय मंज़ूरी प्राप्त करने में देरी का सामना** करना पड़ा जिसके कारण मध्य प्रदेश में पन्ना खदान में खनन कार्य तीन वर्षों से अधिक समय तक रुका रहा, क्योंकि यह **टाइगर रिज़र्व** के निकट है।
  - सर्वोच्च न्यायालय ने बाद में NMDC को कुछ **दिशानिर्देशों के अधीन खनन कार्य** फिर से शुरू करने की अनुमति दे दी, जिससे कंपनी खदान में अपना काम फिर से शुरू कर सकी।
- **हीरा निष्कर्षण:**
  - परिचालन पुनः शुरू करने के बाद से **NMDC ने 3,700 कैरेट हीरे निकाले हैं,** जिनकी कीमत **1.93 मिलियन अमेरिकी डॉलर** है।
- **पन्ना खदान के बारे में:**
  - पन्ना खदान 275.96 हेक्टेयर (681.91 एकड़) में फैली है और इसका संचालन 1970 के दशक के प्रारंभ में शुरू हुआ था।
  - यह भारत की **एकमात्र मशीनीकृत हीरा खदान** है।
- **मध्य प्रदेश में हीरा खनन:**
  - मध्य प्रदेश एशिया के प्रमुख हीरा खनन क्षेत्रों में से एक है।
  - वैश्विक और घरेलू कंपनियों को पन्ना रिज़र्व के पास **बंदर परियोजना** में हीरे के खनन में चुनौतियों का सामना करना पड़ा है।

पन्ना टाइगर रिज़र्व

- **परिचय:**
  - उत्तरी मध्य प्रदेश में विंध्य पर्वत शृंखला में स्थित है।
  - **542 वर्ग किमी क्षेत्र** में फैला हुआ है।
  - बुंदेलखंड क्षेत्र का एकमात्र **टाइगर रिज़र्व।**
  - **वर्ष 1994 में** प्रोजेक्ट टाइगर **के तहत** भारत सरकार द्वारा इसे **टाइगर रिज़र्व घोषित** किया गया।
- **परिदृश्य:**
  - इस रिज़र्व की **स्थलाकृति 'टेबल टॉप'** है।
  - इसमें **विस्तृत पठार और घाटियाँ** शामिल हैं।
  - केन नदी रिज़र्व से होकर दक्षिण से उत्तर की ओर बहती है।
  - इस क्षेत्र में **दो हज़ार वर्ष पुराने** शैलचित्र भी मौजूद हैं।
- **वनस्पति:**
  - **शुष्क पर्णपाती वनों** तथा घास के मैदानों का प्रभुत्व।
  - उत्तर में यह अभ्यारण्य सागौन के वनों से घिरा हुआ है ।
  - पूर्व में इसकी सीमा **सागौन-करधई मिश्रित वनों** से लगती है।
- **जीव-जंतु:**
  - यह रिज़र्व बाघों**, भालूओं,** तेंदुओं **और** धारीदार लकड़बग्घों की महत्त्वपूर्ण आबादी का घर है।
  - अन्य उल्लेखनीय मांसाहारियों में **गीदड़, भेड़िये, जंगली कुत्ते, जंगली बिल्लियाँ और चित्तीदार बिल्ली बिल्ली** शामिल हैं।
  - उत्तर-पूर्व से दक्षिण-पश्चिम तक फैली विंध्य पर्वत शृंखलाएँ वन्य जीवों की पूर्वी और पश्चिमी आबादी को जोड़ने में मदद करती हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/nmdc-to-extract-diamonds-near-tiger-reserve